# मप्र-यूएई के बीच लगातार होगा संवाद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत भारतीय कॉउन्सल जनरल सतीश कुमार सिवन द्वारा आयोजित ब्रेकफास्ट ब्रीफिंग से हुई.**




- भारतीय दूतावास स्तर पर स्थायी संपर्क तंत्र विकसित करने पर बनी सहमति
- दुबई में एमपी डे का भी हो सकता है आयोजन

बैठक में भारतीय दूतावास स्तर पर एक स्थाई संपर्क तंत्र विकासित किये जाने पर सहमति बनी जिससे मप्र और यूएई के बीच संस्थागत संवाद के निरंतरता बने रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की छवि ब्रांड इंडिया के तहत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की निर्णयाक भूमिका हो सकती है. ताज बिजनेस बे स्थित बॉम्बे ब्रैसरी में इस मुलाकात में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यूएई में भारत की विभिन्न गतिविधियों और संभावित सहयोग क्षेत्रों की जानकारी दी गई. बैठक के दौरान जिन विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, उनमें मप्र प्रवासी व्यवसायियों को निवेश के लिए प्रेरित करने के विशेष प्रयास, दुबई-मध्यप्रदेश के बीच सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाएं और दुबई में एमपी डे आयोजित करने के लिए भारतीय मिशन की भागीदारी जैसे अहम विषय शामिल रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया. बैठक में यह भी चर्चा हुई कि दुबई के प्रमुख औद्योगिक समूहों से मध्यप्रदेश उद्योग विभाग के सीधे संपर्क के लिए मिशन स्तर पर समन्वय किया जाएगा. साथ ही कृषि, टेक्सटाइल, ईवी, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में कॉन्सुलेट की अगुवाई में सेक्टर-विशेष राउंडटेबल आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी प्रस्तावों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लिया. कॉउन्सल जनरल सिवन ने जानकारी दी कि दुबई में कार्यरत मध्यप्रदेश मूल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े व्यवसायियों की पहचान कर उन्हें प्रदेश सरकार की अनुकूल नीतियों से जोड़ा जा सकता है.

### क्षेत्रीय कार्गो स्थापित करने पर सहमति

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के दौरान एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई. मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बन. एविएशन ट्रेनिंग और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) इन्फ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ.



# भाई-भतीजावाद पनपने नहीं देंगे

## बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिया संदेश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 जुलाई. हेमंत खंडेलवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही विरासत की राजनीति के लिए नई संभावनाएं तलाश रहे नेताओं को उन्होंने साफ संकेत कर दिया है कि वे प्रदेश में किसी भी तरह से न तो वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देंगे और न ही भाई-भतीजावाद पनपने देंगे, जो भी कार्यकर्ता योग्य होगा, वह अपनी मेहनत के दम पर सरकार और संगठन में नया मुकाम हासिल करेगा.**

खंडेलवाल ने साफ कर दिया कि मेरे परिवार से मैं अकेला व्यक्ति राजनीति में हूं. भाजपा परिवार ही मेरा परिवार हैं, हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करें. मैं भी आपकी तरह सामान्य कार्यकर्ता हूं, अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं. सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कामकाजी बैठक हुई, जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी के साथ ही जिला अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठ के संयोजकों ने हिस्सा लिया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वे बैठक बतौर अध्यक्ष खंडेलवाल का पहली बैठक थी, जिसमें जिला स्तर के बड़े पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. इस बैठक में उन्होंने उन सवालों पर विराम लगा दिया जो कि प्रदेश में वंशवाद की बेल फैलने का अनुमान जता रहे थे. दरअसल खंडेलवाल के पिता पूर्व सांसद रहे.

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश लगातार बेहतर प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा है. हमारा प्रयास हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना है. उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रौपे गए पौधों को हमें संरक्षण व संवर्धन करना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित हो. प्रदेश सरकार 15 अगस्त से एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधारोपण का जो कार्य प्रदेश में आयोजित करने जा रही है उसमें हमें सहयोग करना है.

# सीएम की विदेश यात्रा को लेकर कांग्रेस का हमला

- निवेश के नाम पर हो रहा इवेंट मैनेजमेंट
- 80 प्रतिशत से अधिक निवेश ज़मीन पर नहीं उतरा

**भोपाल, 14 जुलाई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की निवेश के उद्देश्य से विदेश यात्रा को लेकर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है.**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बीते 20 वर्षों से निवेश के नाम पर केवल 'इवेंट मैनेजमेंट' कर रही है. पटवारी ने कहा कि अब तक 11 से अधिक इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें हजारों एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर हुए, लेकिन 80 प्रतिशत से अधिक निवेश ज़मीन पर नहीं उतर पाया है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल पोस्टर, होर्डिंग और प्रेस कॉन्फ्रेंस तक ही सीमित रह गई है.

### पटवारी ने यह भी दावा किया कि...



उन्होंने कहा कि गांवों और जिला स्तर पर इन समिट्स का कोई वास्तविक असर नहीं दिखता. पटवारी ने यह भी दावा किया कि सरकार की प्राथमिकता कृषि आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर, जैसे प्रोसेसिंग यूनिट और कोल्ड स्टोरेज की स्थापना पर नहीं रही है. उन्होंने मंडियों की बिगड़ती स्थिति, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धांधली, और बढ़ती बेरोजगारी दर का मुद्दा भी उठाया. पटवारी ने मांग की कि सरकार अपनी निवेश यात्राओं और समिट्स के वास्तविक परिणामों का जवाब दे और पारदर्शिता बरते.

# ट्रैक्टर-बाईक की भिड़ंत

- पिता-पुत्र की मौत, तीन अन्य लोग घायल

**खरगोन, 14 जुलाई. मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में सोमवार सुबह एक ट्रैक्टर और दुपहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए. हादसा मोरटक्का के नर्मदा नदी पुल के पास हुआ.**

बड़वाह पुलिस के अनुसार, खंडवा जिले के मोरगढ़ी गांव निवासी मोहन (35) अपने परिवार के साथ रिश्तेदार से मिलकर लौट रहे थे, तभी मोरटक्का पुल के पास उनकी बाइक की टक्कर एक ट्रैक्टर ट्रॉली से हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूरा परिवार सड़क पर गिर पड़ा. हादसे के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे करीब 60 फीट गहरी खाई में चट्टानों पर गिर गया, जिससे ट्रैक्टर चालक भी घायल हो गया. घटना में मोहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 8 वर्षीय पुत्र अनय गंभीर रूप से घायल हुआ और अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया.

मोहन की पत्नी ज्योति और 9 वर्षीय पुत्री शिवन्या को मामूली चोटें आई हैं. घायलों को बड़वाह के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है.

## शाजापुर में भीषण सड़क हादसा, दो बच्चों की मौत

**शाजापुर.** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में महाकाल मंदिर से दर्शन कर लौट रहे दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि 8 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर उज्जैन से वापस लौट रहे थे, और एक अज्ञात कंटेनर वाहन ने उनकी ट्रॉली को ज़ोरदार टक्कर मार दी. यह हादसा शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर नैनावद गांव के पास, लखूनदर नदी की पुलिया के नजदीक हुआ. श्रद्धालु उज्जैन जिले की तराना तहसील के बंजारी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं.

# कलेक्ट्रेट में धरना पर बैठे 500 पुजारी

- मंदिरों की भूमि नीलामी के विरोध में उठे स्वर



**ग्वालिय, 14 जुलाई. भितरवार के धूमेश्वर धाम मंदिर की कृषि भूमि की नीलामी के विरोध में संभागभर से आये पुजारियों की महापंचायत में कलेक्ट्रेट पर धरना देकर प्रदर्शन किया.**

इस बीच एसडीएम अनिल राघव ने पुजारियों के बीच पहुंचकर उनसे कहा कि आपने धरना प्रदर्शन की अनुमति नहीं मांगी. इस संबंध में पुजारियों का कहना था कि हमने एडीएम से पत्र देकर अनुमति मांगी तो उन्होंने हमसे कहा था आपने पहली सूचना दे दी यही अनुमति है. इस बीच थाना विश्वविद्यालय के टीआई रविन्द्र जाटव भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे.

धूमेश्वर धाम के महंत अनिरूद्ध धवन महाराज ने कहा कि हमारी मांग है कि मंदिरों के कृषि भूमि को नीलाम नहीं किया जाये. इसी बात को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करना है. हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग शासन के समक्ष रखना चाह रहे हैं. इसी मांग को लेकर हम कलेक्ट्रेट पर धरना व घेराव की मांग को लेकर बैठे हैं.

**क्या है मामला:** प्रशासन का नया नियम 20 बीघा से अधिक जमीन वाले मंदिरों पर लागू होगा. डबरा-भितरवार क्षेत्र में 513 माफी के मंदिर हैं, जिनके पास कुल 3,198 हेक्टेयर जमीन है.

## प्रकरण की जांच से लौट रहे एसआई की सड़क हादसे में मौत

**नरसिंहपुर.** नरसिंहपुर जिले में एक पुलिस उपनिरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह एक प्रकरण की जांच कर बाइक से लौटते समय हादसे का शिकार हुए. गाडरवारा थाना पुलिस के अनुसार, थाना में पदस्थ उप निरीक्षक नीलेश बडकुर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ब्यावरा में एक केस की जांच के बाद लौट रहे थे. लगभग डेढ़ बजे उदयपुरा-बरेली रोड पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर में गंभीर रूप से घायल एसआई की मौके पर ही मृत्यु हो गई. गाडरवारा थाना प्रभारी विक्रम रजक ने बताया कि नीलेश बडकुर मूल रूप से रायसेन जिले के उदयपुरा के निवासी थे.

# मप्र के अधिकांश हिस्सों में होगी बारिश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 14 जुलाई. मप्र के जिलों में लगातार बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है.**

## 17 जुलाई तक बारिश का दौर जारी



बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, धार रतलाम, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, नीवाड़ी सहित जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं. बारिश की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. इसके साथ ही रायसेन, विदिशा, सतना, नर्मदापुरम, सिंगरौली, सीधी, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर सहित जिलों में बारिश होती रहेगी. इन जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है.

प्रदेश में फिलहाल 17 जुलाई तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना पूर्व में जताई गई है.

वर्तमान में मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, पूर्वोत्तर राजस्थान और संलग्न पश्चिमोत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर बने एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र, सीधी, रांची, दक्षिण-पूर्व गंगीय पश्चिम बंगाल और संलग्न बांग्लादेश के ऊपर बने एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र के केंद्र तक विस्तृत है.

पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में एक ट्रफ़ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर 28ए उत्तरी अक्षांश के उत्तर एवं 66ए पूर्वी देशांतर में अवस्थित है.

# स्वच्छता में राजधानियों में भोपाल सबसे आगे

नवभारत न्यूज

**इंदौर. स्वच्छ भारत अभियान की स्वच्छता लीग में इंदौर सिरमौर बना है. वहीं देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियों में भोपाल स्वच्छता में सबसे आगे रहा है. 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्वारा शहरी विकास मंत्रालय के अंतर्गत पुरस्कृत किया जाएगा.**

देश में अलग अलग शहरों के विभिन्न केटेगरी में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान रखने वाले शहरों के बीच इस बार स्वच्छता लीग आयोजित की गई है. इसमें उन शहरों को चुना गया था, जहां पर स्वच्छ भारत मिशन में सफाई व्यवस्था आदत बन गई है. केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इसके लिए स्वच्छता लीग बना दी, जिसमें रैंकिंग नही है, बल्कि अंको के आधार पर प्रथम तीन शहर होंगे. स्वच्छता लीग में इस बार इंदौर को 15 श्रेष्ठ शहरों से मुकाबला करना था.

भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार ऐसा बताया जा रहा है कि इंदौर ने सभी शहरों को अंको में भी पीछे छोड़ते अव्वल स्थान पा लिया है. ऐसे ही भारत के विभिन्न राज्यों की राजधानियों में भी मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल ने भी सबसे स्वच्छ राजधानी का खिताब हासिल किया है. भोपाल को दो कारणों से चुना गया है, पहला पर्यावरण संरक्षण और दूसरा स्वच्छता. सभी शहरों को किन किन केटेगरी में किस लिए चुना है. इसका खुलासा 16 जुलाई को होगा . 17 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक गरिमामय समारोह में सम्मानित करेगी.

इंदौर ने स्वच्छता लीग में सूरत, नवी मुंबई जैसे शहरों को पीछे छोड़ा है तो उसका श्रेय अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को भी जाता है. अभिलाष मिश्रा को आयुक्त शिवम वर्मा ने शहर में बिगड़ती सफाई व्यवस्था की जानकारी मिलने के बाद कमान सौंपी थी. मिश्रा ने स्वयं मोर्चे पर सफाई व्यवस्था की जांच की और जांच के आधार पर कमियों को दूर किया. कई कर्मचारियों को निलंबित किया, सेवाएं समाप्त जैसे कड़े निर्णय लिए और साधनों का समय सीमा में भरपूर इस्तेमाल किया.

# रेलवे में अब 8 घंटे पहले तैयार होगा पहला चार्ट, बदलाव लागू

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 14 जुलाई. रेलवे बोर्ड द्वारा यात्री सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव लागू किए गए हैं.**

भोपाल मंडल में यह नई व्यवस्था दिनांक 15,16 जुलाई की मध्य रात्रि से लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट अब उनके प्रस्थान समय से 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा, इसके अनुसार इमरजेंसी कोटे के आवेदन एक दिन पूर्व स्वीकार किये जायेंगे. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 04 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा. जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 08 घंटे पहले मालूम चल सकेगी. कटारिया ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रा की योजना में सुधार लाना है ताकि यात्री टिकट कन्फर्मेशन की स्थिति समय रहते जान सकें. यह नवाचार यात्रियों की संतुष्टि में वृद्धि करेगा.

### 8 घंटे पहले मालूम चल सकेगी यात्रियों को अपनी बर्थ

# सूक्ष्म निगरानी संभव नहीं, समितियां जरूरी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 जुलाई. समिति प्रणाली की समीक्षा के लिये गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की पहली बैठक समिति के अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा परिसर में हुई.**



6 राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की मौजूदगी में तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली की समीक्षा के लिये गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की यह प्रथम बैठक है. हम सभी जानते हैं कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है. संसद या विधानसभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की आवश्यकता होती है, वह सत्र में संभव नहीं हो पाती है. इसलिए समितियों के गठन की प्रणाली को प्रारंभ किया गया है. लोकसभा में भी विभिन्न समितियां गठित होती हैं, जिनमें बजट पर भी विचार-विमर्श होता है. लोकसभा में समितियां बजट का अध्ययन करके उस पर सुझाव देती हैं. विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि ठीक इसी प्रकार से विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं.

मध्यप्रदेश में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है. इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, जिनका निर्वाचन संपन्न होता है.

**भव्य पालकी यात्रा** — श्रावण मास के प्रथम सोमवार को ओंकारेश्वर में आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति भाव से परिपूर्ण वातावरण

# भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर की निकली पालकी यात्रा

**ओंकारेश्वर, 14 जुलाई. श्रावण मास के प्रथम सोमवार को पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति भाव से परिपूर्ण वातावरण में भगवान ओंकारेश्वर जी एवं ममलेश्वर जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई.**



भगवान की सजी हुई पालकी जब ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ नगर भ्रमण पर निकली, तो श्रद्धालुओं की भीड़ जयघोष करती हुई उनके पीछे-पीछे चल पड़ी. दक्षिण तट स्थित ममलेश्वर मंदिर से भी भगवान की सुसज्जित पालकी निकाली गई. दोनों पालकियां भव्य शोभायात्रा के रूप में कोटितीर्थ घाट पहुँचीं, जहां वेदमंत्रोच्चार के बीच पंचामृत और नर्मदा जल से भगवान की पूजा की गई. इसके पश्चात घाट पर महा आरती संपन्न हुई.

इस भव्य धार्मिक आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए थे. यात्रा के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी.

### नौका विहार बना आकर्षण का केंद्र

महा आरती के पश्चात दोनों पालकियों को नर्मदा जी के पवित्र जल में नौका विहार कराया गया. यह दृश्य भक्तों के लिए अत्यंत भावपूर्ण और श्रद्धा से भर देने वाला रहा. नौका विहार के बाद पालकियां गौमुख घाट पर उतरीं, जहां से वे आगे नगर भ्रमण के लिए रवाना हुईं.

### भक्तों ने किया गुलाल और फूलों से स्वागत

पालकी यात्रा के मार्ग में भक्तगण भोलेनाथ के जयघोष करते हुए, ढोल की थाप पर नाचते-गाते चल रहे थे. हजारों श्रद्धालु मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर गुलाल उड़ाकर, गुलाब की पंखुड़ियों से वर्षा कर और कपूर आरती उतारकर भगवान का स्वागत कर रहे थे. पूरा वातावरण भक्तिभाव और आस्था से सराबोर हो गया.

# कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश को किया निरस्त

**हरदा, 14 जुलाई. मध्यप्रदेश के हरदा जिले में करणी सेना के विरोध प्रदर्शन के कारण लगाए गए प्रतिबंधात्मक आदेश को जिला प्रशासन ने स्थिति सामान्य होने के बाद सोमवार को निरस्त कर दिया.**

जिले में धोखाधड़ी के एक प्रकरण को लेकर करणी सेना बीते दो दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रही थी. प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने रविवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (पूर्व में सीआरपीसी धारा 144) के तहत एकत्र होने पर रोक लगाई थी. अब कानून-व्यवस्था सामान्य होने के मद्देनजर यह आदेश रद्द कर दिया गया है. अधिकारिक जानकारी के अनुसार, कलेक्टर जैन ने बताया कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है और 13 जुलाई को सड़कों पर अवरोध उत्पन्न करने पर धारा 170 के तहत गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को भी रिहा किया जा रहा है. गौरतलब है कि शनिवार को विरोध उग्र होने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग, आंसू गैस के गोले, और पानी की बौछारों का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया था. कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया था.

## पेज एक का शेष

**जिलाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द...**

इसके लिए प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष आब्जर्वरों के रिपोर्ट को आधार बनाकर जिला अध्यक्षों के दावेदारों के नाम को शॉर्ट लिस्ट करेंगे. नाम को शॉर्ट करने के बाद संगठन को सूची भेजी जाएगी. इसके बाद मध्य प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जुलाई की आखिरी सप्ताह तक कर दी जाएगी. सूत्रों की मानें तो लगभग एक दर्जन से ज्यादा मौजूदा जिलाध्यक्षों को पुनः मौका दिया जाएगा. कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत एआईसीसी और स्टेट ऑब्जर्वरों द्वारा जिन नेताओं के संदर्भ में नकारात्मक टिप्पणी की गई है उनको पहले औपचारिक रूप से हिदायत दी जाएगी. उसके बाद भी यदि नहीं सुधरे तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14